# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 03/03/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Amar Ujala, Aligarh (UP)**

# हिस्ट्रीशीटर सहित 752 लोग शांतिभंग में पाबंद

## 48 लोगों को चिन्हित करने के बाद सात लोगों के शस्त्र जमा कराए गए, दिन में ड्रोन कैमरों से हुई निगरानी, दस मकान मालिकों को नोटिस

अमर उजाला ब्यूरो

अलीगढ़। शहर में अमन चैन कायम रखने की दिशा में पुलिस प्रशासन की सख्ती बढ़ती जा रही है। रविवार को अवकाश के दिन भी प्रशासन ने संवेदनशील और प्रदर्शन वाले इलाकों के 752 लोगों को 107/16 के तहत पाबंद किया। साथ ही 20 लोगों को 110 जीई के तहत नोटिस दिए गए। 107/16 में पाबंद होने वालों में दो हिस्ट्रीशीटर और 110 जीई में तीन हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं। प्रभावित इलाकों में 48 लोगों को चिन्हित कराने के बाद सात के शस्त्र जमा करा लिए गए।

साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की टीम ने एक असलाह विक्रेता, तेजाब की दस दुकानों के साथ दस पेट्रोल पंपों पर जांच पड़ताल की है। अधिकारियों ने नियम विरुद्ध और आवश्यकता से अधिक कारतूस खरीदने वाले, तेजाब ले जाने वाले और बोतलों में पेट्रोल ले जाने वालों पर सख्ती से रोक लगाई। दुकान स्वामियों से कहा कि किसी भी सूरत में ऐसा करते हुए पाए जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई होगी।

इधर, दिन में ड्रोन कैमरों से निगरानी कर संवेदनशील इलाकों की मिश्रित आबादी में दस मकान स्वामियों को नोटिस दिए गए हैं, जिनकी छतों पर पत्थर, रोड़ी, ईंट या अन्य निर्माण सामग्री रखी थी। सभी से इस तरह की सामग्री हटवाने को कहा गया है। अन्यथा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। इन्हीं आबादियों में मोहल्ले वार 18 पीस कमेटियों की मीटिंग हुई। जिसमें हर छोटी बड़ी बात की जानकारी देने, पुलिस को बुलाने, बिजली पानी साफ सफाई की समस्या होने पर आगाह करने को कहा गया।

**बाहर के फोर्स की रवानगी शुरू :** 23 फरवरी के उपद्रव के बाद 28 फरवरी को जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, जीवनगढ़ क्वार्सी बाईपास का धरना उठवाने के लिए बुलाए गए फोर्स की रवानगी शुरू हो गई है। एसपी, एडिशनल एसपी, सीओ रैंक के अधिकारियों को रविवार को वापस भेजा गया। उनको दोबारा जरूरत पड़ने पर बुलाया जा सकेगा।

**पुलिस-प्रशासन सख्त**

### होली से पहले हर खुराफातियों पर नजर

अलीगढ़। होलिकाष्टक दो मार्च से लग रहा है। 9 और 10 मार्च को होली मनाई जाएगी। होली से पहले शहर में तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन त्योहार की तैयारियों में भी जुट गया है। शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में होलिका स्थलों की निगरानी करने, वहां होली से पहले कोई शरारत नहीं होने देने पर पहरा लगाया जा रहा है। तीन दिन के अंदर पांच साल पूर्व तक के विवादों की ताजा स्थिति को परखा जा रहा है। विवाद से जुड़े पक्षों से बात की जाएगी कि अब उनके बीच कैसा सामंजस्य है। एसएसपी मुनिराज जी ने सभी मातहतों को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने सर्किल और थाना क्षेत्र में पांच साल में हुए विवाद को दोबारा से चेक करा लें। इसमें जो भी पक्ष अराजकता फैला सकता हो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।



जीवनगढ़ बाजार में क्वार्सी इंस्पेक्टर आरएएफ और पुलिस फोर्स के साथ फ्लैगमार्च करते हुए।

# जीवनगढ़ में खुलीं दुकानें, फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

### अलीगढ़-अनूपशहर रोड पर छह दिन से चल रहा था धरना
### अपनी दुकानों पर पहुंचे दुकानदार, सामान मिले गायब

अलीगढ़। अलीगढ़-अनूपशहर रोड पर रविवार को सातवें दिन सभी दुकानें खुल गईं, जो पिछले छह दिन से धरना-प्रदर्शन के चलते नहीं खुल पा रही थीं। शनिवार देर शाम धरना खत्म हो गया था। हालांकि, एहतियातन जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। वहीं, आरएएफ व पुलिस कर्मियों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया।

सीएए, एनआरसी, एनपीआर के विरोध में जीवनगढ़ पुलिया स्थित अलीगढ़-अनूपशहर रोड पर 24 फरवरी को करीब चार बजे महिलाएं धरने पर बैठ गई थीं। इससे मुरादाबाद, अनूपशहर, बुलंदशहर सहित अन्य जगहों पर आवाजाही बंद हो गई थी। लगातार प्रशासन, सियासी पार्टी के पदाधिकारी, पूर्व विधायक व इलाके लोगों ने महिलाओं से धरने को खत्म करने का आग्रह किया, लेकिन वह मान नहीं रही थीं। 29 फरवरी को सुबह से ही धरने को खत्म करने की शुरुआत इलाकाई लोगों ने कर दी थी, जो शाम को धरना खत्म होने के साथ सफल हो गई। रविवार को सभी दुकानें खुल गईं।




जीवनगढ़ के लोगो से बात करते समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव।

खरीद-फरोख्त हो रही थी। आवाजाही सामान्य दिनों की तरह थी। रोड पर चहल-पहल थी। दुकानदार जावेद, साजिद ने बताया कि दुकान बंद होने से आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन न हो तो बेहतर है, क्योंकि उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। कुछ दुकानों से धरना-प्रदर्शन के दौरान सामान गायब हो गए हैं। इस रास्ते पर स्थित अल करीम गार्डन में शादी की बुकिंग भी निरस्त हो चुकी है। सोमवार को भी एक बुकिंग निरस्त हो गई है।

**आभार व्यक्त करने आया हूं :** समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव सलमान शाहिद ने जीवनगढ़ पुलिया के दुकानदारों व लोगों का हालचाल जाना। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोगों का जो समर्थन मिला है, उसका आभार जताने आया हूं। कुछ लोगों ने उनसे समस्याएं बताईं, जिनका उन्होंने निराकरण कर दिया। पार्षद आस मोहम्मद, पार्षद शाकिर, जकी, यूनुस खान, नवाब खान, कंचन, शकील, यासीन, बंटी आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

Amar Ujala, Aligarh (UP)



**Prabhat vaarta, Kurnool (AP)**

# ‘శాంతిభద్రతలకు విఘాతం కలిగిస్తే చర్యలు’



రాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్స్ సిబ్బందికి సూచనలు ఇస్తున్న డీఎస్పీ రామకృష్ణ

**ఆదోని రూరల్, మార్చి 1:** శాంతిభద్రతలకు విఘాతం కలిగిస్తే ఉపేక్షించేదిలేదని ఆదోని డీఎస్పీ రామకృష్ణ హెచ్చరించారు. ఆదివారం రాపిడ్‌యాక్షన్ ఫోర్స్‌తో కలిసి పట్టణంలో కవాతు నిర్వహించారు. ముందుగా టూటౌన్‌లోని పోలీసుల సమావేశంలో డీఎస్పీ మాట్లాడుతూ పట్టణంలో ప్రశాంత వాతావరణం కోసమే కవాతు నిర్వహించినట్లు తెలిపారు. అసాంఘీక శక్తులపై ప్రత్యేక నిఘా ఉంచామని, తప్పు చేస్తేమాత్రం ఎవరిని ఉపేక్షించేదిలేదని హెచ్చరించారు. ఆర్‌ఏఎఫ్ డీఎస్పీ సునీల్‌కుమార్, సీఐ రామ్‌నివాస్, వన్‌టౌన్ సీఐ చంద్రశేఖర్, తాలుకా ఎస్‌ఐ రామంజులు, పెద్దతుంబళం ఎస్‌ఐ మన్మధవిజయ్ పాల్గొన్నారు.

C/99 FLAG MARCH DURING FAMEX UNDER PS PANYAM DIST- KURNOOL(AP)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**